ई-मेल/ बेवसाइट द्वारा

सं.12015/01/2023-रा.भा.(त.क.)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(तकनीकी कक्ष)
*****

एनडीसीसी-II भवन, बी विंग,
चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 10/09/2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- हिन्दी दिवस समारोह 2024 एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के सहभागिता प्रमाण पत्र के संबंध में ।

पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस-2024 एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन भव्य एवं गरिमामय स्वरूप में **माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में भारत मंडपम्, नई दिल्ली** में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए दिनांक 05 जुलाई 2024 के सम संख्यक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से प्रतिभागियों को पंजीकरण करने को कहा गया था। साथ ही सम्मेलन के सभी सत्रों में उपस्थित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र जारी करने की भी सूचना दी गई थी।

2. **इसी क्रम में सूचित किया जाता है कि सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अपनी उपस्थिति ऑनलाइन QR कोड के माध्यम से दर्ज करनी होगी। दोनों दिवसों पर QR कोड सम्मेलन स्थल के सभागार में उपलब्ध करवाए जाएंगे जिन्हे प्रतिभागियों को अपने मोबाइल से स्कैन कर अपनी डिटेल भरकर ऑनलाइन जमा करना होगा।**

3. दोनों दिवसों पर QR कोड के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने वाले प्रतिभागियों को ही सहभागिता प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे ।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में :-
सभी पंजीकृत प्रतिभागी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु